# वैश्विक ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा संकट पर चर्चा

## जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा-फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात करना सम्मान की बात

**पेरिस, 28 मार्च. भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जी 7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन के अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की. इस दौरान वैश्विक ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा संकट पर गहन चर्चा हुई. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कल रात फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात करना सम्मान की बात थी.**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी पहुंचाईं. जयशंकर ने फ्रांस के जी 7 विदेश मंत्रियों की बैठक में ग्लोबल साउथ देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को प्रमुखता से उठाया और वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार की तत्काल जरूरत पर बल दिया. भारत इस समय जी-7 का सदस्य नहीं है, लेकिन फ्रांस ने इसे पार्टनर देश के रूप में आमंत्रित किया था. विदेश मंत्री जयशंकर ने पेरिस में जी 7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति मक्रों से मुलाकात की. इस अवसर पर उन्होंने वैश्विक ऊर्जा संकट, खाद्य सुरक्षा और ईंधन आपूर्ति की चुनौतियों पर चर्चा की.



### वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार की जरूरत : जयशंकर

जयशंकर ने बैठक में वैश्विक दक्षिण के देशों की चिंताओं को प्रमुखता से उठाया और वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर जोर दिया. जी -7 बैठक में भारत के प्रतिनिधित्व के दौरान जयशंकर ने अमेरिका, सऊदी अरब, जर्मनी और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों से भी द्विपक्षीय बातचीत की. उन्होंने ईरान युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और व्यापार तथा सप्लाई चेन में आने वाली बाधाओं पर भी चर्चा की. इसके अलावा कनाडा, दक्षिण कोरिया, इटली, जापान और ब्राजील के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात हुई. समूह सात (जी 7) दुनिया की सात सबसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं का मंच है- कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका। यूरोपीय संघ भी इसमें सदस्य है. भारत, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को इस बार फ्रांस ने आमंत्रित किया. इस मंच पर प्रमुख आर्थिक, वित्तीय और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा और समन्वित कार्रवाई की जाती है. जयशंकर ने बैठक के दौरान वैश्विक आपूर्ति, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया.

# जेवर से लखनऊ के लिए पहली उड़ान

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल हुए रवाना

**ग्रेटर नोएडा, 28 मार्च. उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर क्षेत्र ग्रेटर नोएडा जेवर स्थित महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब लखनऊ के लिए पहली उड़ान का संचालन किया गया.**

इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्वयं पहली फ्लाइट में सवार होकर लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह उड़ान न केवल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश के हवाई कनेक्टिविटी नेटवर्क को भी मजबूत करने वाला अहम कदम माना जा रहा है.




### उत्तर प्रदेश विकास का नया इंजन साबित होगा

जेवर स्थित यह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन प्रोजेक्ट्स में से एक है। पहली उड़ान के साथ ही यह एयरपोर्ट अब धीरे-धीरे नियमित सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले समय में यहां से देश-विदेश के कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन साबित होगा.

## खरगे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है. खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शनिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं. लिखा भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं. मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी.



## उत्तराखंड के कई नेता भाजपा छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

▸ चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में सियासी खेल शुरू

**नयी दिल्ली, 28 मार्च. उत्तराखंड विधानसभा के अगले वर्ष होने वाले चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में सियासी खेल शुरू हो गई है और इस क्रम में कई पूर्व विधायक, महापौर, पालिका अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर शनिवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गये.**

कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत, विधायक दल के नेता यशपाल आर्य तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इन सभी नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा।

कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का दावा करने वाले इन नेताओं में रुद्रपुर से दो बार भाजपा विधायक रहे राजकुमार ठुकराल, सितारगंज से दो बार विधायक रहे नारायण पाल, घनसाली के पूर्व विधायक भीम लाल आर्य, रुड़की के पूर्व महापौर गौरव गोयल, भीमताल क्षेत्र से जुड़े लखन सिंह तथा मसूरी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता प्रमुख हैं.

### आज का इतिहास

1849 - महाराजा दिलीप सिंह ने अपने दिवंगत पिता रणजीत सिंह का सिंहासन छोड़ दिया और पंजाब पर ईस्ट इंडिया कंपनी का कब्जा हो गया.

1857- मंगल पांडे ने बैरकपुर छावनी में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका.

1859 - बहादुर शाह जफर द्वितीय को 1857 की क्रांति में भागीदारी के लिए दोषी करार देकर रंगून निर्वासित किया गया.

1913 - हिन्दी के प्रसिद्ध कवि तथा गांधीवादी विचारक भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म.

1929 - हिन्दी तथा बांग्ला फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता उत्पल दत्त का जन्म.

## 891 करोड़ की लागत से संवरेगा रेलवे

▸ परियोजनाओं का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**अहमदाबाद, 28 मार्च. मंडल, पश्चिम रेलवे द्वारा अवगत कराया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिनांक 31 मार्च को गुजरात राज्य में 891 करोड़ लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण करेंगे.**

इन परियोजनाओं के अंतर्गत खेड़ब्रह्मा अहमदाबाद (असारवा) के मध्य नई ट्रेन सेवा का शुभारंभ तथा खेड़ब्रह्मा - हिम्मतनगर रेलखंड का राष्ट्र को समर्पण शामिल है। खेड़ब्रह्मा से वडाली तक का सफलतापूर्वक10 मूल्य का टेस्ट टिकट जारी करपरिचालन की परीक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई.




यह परीक्षण यात्रियों के लिए टिकटिंग व्यवस्था, परिचालन प्रणाली एवं सुविधाओं की तैयारियों का सफल आकलन दर्शाता है। दिनांक 31 मार्च, 2026 को नई ट्रेन सेवा के शुभारंभ से पूर्व, स्थानीय सांसद एवं विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण11वीं शताब्दी के प्राचीन ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा तत्पश्चात रेलवे स्टेशन पर भी विधिवत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। खेड़ब्रह्मा, उत्तर गुजरात के साबरकांठा जिले में स्थित एक प्राचीन एवं पवित्र धार्मिक नगरी है, जिसे ब्रह्माक्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। यह स्थान भगवान ब्रह्मा, ऋषि भृगु एवं माँ अंबिका से जुड़ी आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है.

## एम्स पटना ने मेडिकल सोशल वेलफेयर यूनिट का किया शुभारंभ

**पटना, 28 मार्च.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने %मेडिकल सोशल वेलफेयर यूनिट का शुभारंभ किया है। यह विशेष इकाई %वन-स्टॉप सेंटर% के रूप में कार्य करेगी। अब मरीजों और उनके परिजनों को दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्हें सही मार्गदर्शन, विश्वसनीय काउंसलिंग और कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही छत के नीचे मिलेगा। इस इकाई में मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्य कर्मचारी तैनात रहेंगे।यह इकाई मरीजों और उनके परिवारों को मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सहायता प्रदान करेगी.

# नाटो से समर्थन की तैयारी में डोनाल्ड ट्रंप

▸ डोनाल्ड ट्रंप के गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश

**वॉशिंगटन, 28 मार्च. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं.**

ट्रंप ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा, हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं. हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैये को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है.



उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है.

### मलबा गिरने से 5 भारतीय हुए घायल

**अबू धाबी.** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद मलबा गिरने से पांच भारतीय नागरिक घायल हो गए हैं. अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने बताया कि खलीफा इकोनॉमिक जोन्स अबू धाबी (केजाड) के आसपास पहले रिपोर्ट की गयी घटना के संबंध में यह पुष्टि हुई है.

### अमेरिकी सैन्य अभियान बहुत अच्छी स्थिति में : ट्रंप

**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए.

## पंजाब में 109 नए आम आदमी क्लिनिक, कुल संख्या हुई 990

▸ लोग अपने घर के पास मुफ्त इलाज पा सकते हैं : केजरीवाल

**चंडीगढ़, 28 मार्च.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की जानकारी दी.उन्होंने लिखा कि आज पंजाब में 109 नए आम आदमी क्लिनिक जनता को समर्पित किए गए हैं। इसके साथ ही राज्य में अब कुल 990 क्लिनिक पूरे लोगों की सेवा में उपलब्ध हैं। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि आम आदमी क्लिनिक के जरिए पंजाब के लोग अब अपने घर के पास ही मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकते हैं। आम आदमी क्लिनिक मॉडल का उद्देश्य बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं को हर नागरिक के करीब लाना है, जिससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत हो।



## पुणे : दुष्कर्म का आरोपी स्वयंभू पाखंडी भोंदू बाबा गिरफ्तार

**पुणे/ मुंबई, 28 मार्च** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने एक 35 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी और खुद को आध्यात्मिक गुरु बताने वाले 'भोंदू बाबा' ऋषिकेश वैद्य को पुणे पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के दौरान वसई से गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ पुणे में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था, पुलिस के अनुसार, 'आमची वसई' नामक संगठन चलाने वाले ऋषिकेश वैद्य ने खुद को भगवान महादेव का अवतार बताकर पीड़ित महिला को विश्वास दिलाया कि वह 'पार्वती' का रूप है. आरोपी ने इसके लिए फेसबुक से संपर्क में आई महिला की आध्यात्मिक रुचि का फायदा उठाते हुए उसका भरोसा जीता। आरोप है कि दिसंबर 2023 में वैद्य ने पुणे के मांजरी इलाके के एक लॉज में महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर उसका यौन उत्पीड़न किया और उसकी अश्लील तस्वीरें भी खींच लीं। प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी इन तस्वीरों के जरिए महिला को ब्लैकमेल और प्रताड़ित करने लगा। मई 2025 में उसने महिला को दोबारा वसई के एक होटल में बुलाकर उत्पीड़न का प्रयास किया, जिससे तंग आकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। शिकायत हालांकि पहले वसई के माणिकपुर थाने में दर्ज करायी गयी थी, लेकिन मुख्य अपराध स्थल पुणे होने के कारण मामले को आगे की जांच के लिए हडपसर थाने भेज दिया गया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**(जनकार्य विभाग)**
ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 150/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-02 तक | **निविदा आमंत्रण** | **दिनांक:** 26.03.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_494761_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत झोन क्र. 13 वार्ड क्र 75 में स्थित शासकीय विद्यालयों में अति आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹7,29,818/- | ₹2,000/- ₹7,300/- | 06-04-2026 6.00 PM 08-04-2026 |
| 02 | 2026_UAD_494762_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 में शासकीय स्कूलों में आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,73,716/- | ₹2,000/- ₹9,800/- | 06-04-2026 6.00 PM 08-04-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि. / यां संभाग बडवानी (म. प्र. )**
दूरभाष : 07290-224946 ई-मेल :-eendenmbarwani@gmail.com
द्वितीय आमंत्रण
निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन

निविदा सूचना क्र. 147 एवं 151 / व.ले.लि. / 2025-26 | दिनांक 26/03/2026

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | ई.निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_NVDA_494908_1 | ओंकारेश्वर परियोजना की मुख्य नहर फेस-4 ग्रुप-1 पर स्थित स्केप गेट (Size 2m x 1m x 1) आर.डी. 8.850 कि.मी. (सासलिया टेंक) गेट का सुधार एवं सर्विसिंग का कार्य मय सामग्री प्रदायगी , टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 180847.00 (रू. एक लाख अस्सी हजार आठ सौ सैतालीस) मात्र | 3617.00 (रू. तीन हजार छः सौ सत्रह) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 2 | 2026_NVDA_494862_1 | अपरवेदा बाँध परियोजना जिला खरगोन की बाँध प्रकाश व्यवस्था अंतर्गत डेम गेट लाइटींग (34 No. 70 watt JUNO fittings , 14 No. 250 watt Flood light on D/S and 8 No. 400 watt Flood light on U/S) का सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री प्रदायगी, कनेक्शन, टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित। | 204935.00 (रू. दो लाख चार हजार नौ सौ पैतीस) मात्र | 4099.00 (रू. चार हजार निन्यानवे) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की तिथि : 13/04/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन )
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 15/04/2026, 10:00 से 15/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 15/04/2026, 10:00 से 15/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन )

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/ कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। आवश्यक होने पर निविदा में अन्य परिवर्तन की सूचना अलग से प्रकाशित नही की जावेगी ऑनलाईन के माध्यम ही कॉरिजेंडम किये जायेगें। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

G27932/25

कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास वि. / यॉ. संभाग बड़वानी (म.प्र.)

अपने व्यापार को दें नई ऊंचाइयां नवभारत में विज्ञापन के माध्यम से

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं राधा बाई भाटिया पति स्व बद्रीलाल निवासी राममालीपुरा आगर तहसील आगर जिला नया आगर मालवा पुराना शाजापुर की हूँ मेरे पति ब्रदीलाल सेन्य संख्या 7102147 सिपाही स्व.ब्रदीलाल भारतीय थल सेना की ई.एम.ई. कोर के सेन्य सेवा अभिलेख में मेरा नाम राधा (Radha) है जो असत्य है मेरा सही नाम राधा बाई भाटिया (Radha Bai Bhatiya) एवं जन्म दिनांक 01/01/1946 है।

**पश्चिम रेलवे - दाहोद**
**शुद्धि पत्र**
निविदा सूचना संख्या : M247_MECH_TENDER_25-26_25. दिनांक : 27/03/2026. **कार्य का नाम :** स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार DISH (गुजरात) द्वारा अनुमोदित सक्षम व्यक्तियों /एजेंसी द्वारा मशीनरी/ उपकरणों का परीक्षण और परीक्षण प्रमाण पत्र प्रदान करना। **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 महीनें, **कार्य की अंदाजित लागत :** ₹42,34,466.13/-, **बयाना राशि :** ₹84,700.00/-, **परिवर्तित निविदा देने व खोलने की दिनांक व समय :** दिनांक 17/04/2026 को 15.00 बजे तक जमा करना एवं उसी दिन 15:30 को खोलना। **वेबसाईट का पता व स्थान :** वेबसाईट : www.ireps.gov.in मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, रोलिंग स्टाक कारखाना, पश्चिम रेलवे, परेल, फ्रीलेंड्गंज, दाहोद -389160 **अनिवार्य व प्रासंगिक दस्तावेज :** निविदाकर्ता को अनिवार्य दस्तावेज जैसे Annexure-V(A) (अगर लागू हो तो) और साथ ही निविदा जमा करने के लिए प्राधिकरण से संबंधित दस्तावेज और GCC व निविदा दस्तावेज के Part-I के Para 15 & Para 18 में निर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेज भी निविदा के साथ जमा करने होंगे। अनिवार्य और प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत न करने पर उसकी/उनकी ऑफर को अस्वीकार मानते हुये **निरस्त किया जाएगा।** SNP-522
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
**नॉन फेयर रेवन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल- पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को www.ireps.gov.in के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.-** MSS-RTM-63. **अनुबंध का प्रकार :** Non Fare Revenue (NFR). **लॉट न. :** MSS-RTM-INDB-GBTPA-80-26-2, (Misc.-Static-Services - Glow ball tower with Promotional Audio), **अनुबंध की अवधि :** 05 Years. ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी **दिनांक 11.04.2026 को 12:00 बजे प्रारंभ होगी।** प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। SNP-524
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
CIN: - U65923DL2011PLC222491
कॉर्पोरेट कार्यालय: द्वितीय तल, श्री सावन नॉलेज पार्क, D-507, TTC इंडस्ट्रियल एरिया, MIDC इंडस्ट्रियल एरिया, तुर्भे, नवी मुंबई - महाराष्ट्र - 400705 - भारत
**कार्यालय बंद करने की सूचना**
हम अपने सम्मानित ग्राहकों एवं आम जनता को सूचित करना चाहते हैं कि **सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** का कार्यालय, जो कि **ऑफिस नं. 101-102, प्रथम तल, साईं लीला बिल्डिंग, 2, अग्रोहा नगर, शीबा होटल के पीछे, ए.बी. रोड, देवास, मध्य प्रदेश- 455001** में स्थित है, **दिनांक 30 जून, 2026** से स्थायी रूप से बंद किया जाएगा। हम देवास में एक नए शाखा कार्यालय के उद्घाटन की प्रक्रिया में हैं तथा उसके स्थान एवं उद्घाटन तिथि के संबंध में विस्तृत जानकारी समयानुसार सूचित की जाएगी।
इस बीच, आप हमारी सेवाओं का उपयोग हमारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म www.sgrlimited.in के माध्यम से जारी रख सकते हैं या किसी भी सहायता के लिए **1800-11-3909** पर संपर्क कर सकते हैं।
इससे होने वाली किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है तथा हम आपके निरंतर सहयोग एवं समझ के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।
**स्थान : मध्य प्रदेश**
**दिनांक : 29.03.2026**
**प्राधिकृत अधिकारी, सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में सेवा गृह ऋण लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**

**कार्यालय नगर परिषद राजगढ़, जिला-धार**
क्रमांक/ईटेण्डर/570/2026 | राजगढ़, दिनांक 26.03.2026
**- ई-निविदा आमंत्रण सूचना -**
एतद् द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित सामग्री / सेवा की निविदा ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| स. क. | ई- टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य पूर्णत समयावधि | अमानत राशि एवं निविदा प्रपत्र का मुल्य रू. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_495393_1 | WALL PAINTING, SLOGAN WRITING AND PAINTING WORK IN THE MUNICIPALITY BORDER AREA FOR THE FY YEAR 2026-27 UNDER SBM 2.0 | 12 माह अनु.लागत 8.00 लाख | 10000/- 2000/- | 14-04-2026 5.30PM |
| 2 | 2026_UAD_495393_2 | PROVIDING AND INSTALLATION OF FLEX BANNER AND SUPPLY OF PAMPHLET ITEMS | 12 माह | 15000/- 5000/- | 14-04-2026 5.30PM |
| 3 | 2026_UAD_495393_3 | PROVIDING AND SUPPLY OF PRINTING WORK ITEMS | 12 माह | 15000/- 2000/- | 14-04-2026 5.30PM |
| 4 | 2026_UAD_495393_4 | PROVIDING AND SUPPLY OF TENT RELEVANT ITEMS ON RENTAL BASIS | 12 माह | 15000/- 2000/- | 14-04-2026 5.30PM |
| 5 | 2026_UAD_495393_5 | PROVIDING AND SUPPLY OF STATIONARY RELEVANT ITEMS | 12 माह | 15000/- 2000/- | 14-04-2026 5.30PM |
| 6 | 2026_UAD_495393_6 | PROVIDING AND SUPPLY OF LIGHT AND SOUND SYSTEM RELEVANT ITEMS ON RENTAL BASIS | 12 माह | 15000/- 2000/- | 14-04-2026 5.30PM |

नोट -उपरोक्त कार्य के Amendments केवल वेबसाईट पर ही Corrigendum/addendum details अन्तर्गत प्रकाशित किये जावेंगे। अन्य विस्तृत विवरण उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालय मे कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते है। देखे जा सकते है।

श्रीमती ज्योति सुनारिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद राजगढ़ (धार) | दीपक जैन, उपाध्यक्ष, नगर परिषद राजगढ़ (धार) | श्रीमती सवेरा जायसवाल, अध्यक्ष, नगर परिषद राजगढ़ (धार)

**IDBI BANK**
क्षेत्रीय कार्यालय, 16-सी, ओमनी पेलेस, रतलाम कोठी, मेन रोड, इन्दौर-452001, फोन: 0731-6679152, 99607 14961, 98260 81279
**नियम 8 (1) कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**
जबकि,
अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्न निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का नियम 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमवली के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता **श्री भरत चौधरी (ऋणी एवं बंधककर्ता) एवं श्रीमती अनामिका चौधरी (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता)**को **दिनांक 31.12.2025** को एक मांग नोटिस जारी किया एवं नोटिस में वर्णित **राशि रुपये 28,81,924.00 (रु. अठाईस लाख इक्यासी हजार नौ सो चौबीस मात्र)** एवं दिनांक 10.09.2025 से उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च बैंक की नीति के अनुसार नोटिस दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया था।
चूंकि उक्त उधारकर्ता एवं बंधककर्ता उल्लेखित राशि अदा करने में असफल रहे है, अत: उधारकर्ता एवं बंधककर्ता को विशेष रुप से एवं जनता को सामान्य रुप से सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमवली, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13 की उप-धारा (4) में निहित अधिकारों के प्रत्यायोजन स्वरुप नीचे उल्लेखित संपत्ति पर **दिनांक 26 मार्च 2026** को कब्जा (सांकेतिक) ले लिया है ।
उधारकर्ता एवं बंधककर्ता को विशेष रुप से एवं आम जनता को सामान्य रुप से एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि अब इस संपत्ति पर कोई व्यवहार नहीं करें तथा इस संपत्ति पर किया गया कोई भी व्यवहार **राशि रुपये 28,81,924.00 (रु. अठाईस लाख इक्यासी हजार नौ सो चौबीस मात्र)** की राशि तथा उस पर ब्याज एवं अन्य खर्चे बाबत् **आईडीबीआई बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता एवं बंधककर्ता को एक्ट की धारा 13 की उपधरा 8 के प्रावधानों के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
**अचल संपत्तियों का विवरण**
संपत्ति के सभी प्रमुख अंग प्लाट नं. 198 में शामिल जमीन एवं भवन का का पूरा भाग, मैनाश्री गीता श्री, ग्रीन सिटी कॉलोनी, वार्ड नं. 7 (सरल नं. 229), तहसील एवं जिला देवास (म.प्र.) 455001, **क्षेत्रफल: 72 वर्गमीटर (775 वर्गफीट), चर्तु:सीमा: उत्तर:** कॉलोनी की सड़क, **दक्षिण:** प्लाट नं. 192, **पूर्व:** प्लाट नं. 199, **पश्चिम:** प्लाट नं. 197, जिस पर मौजूद और भविष्य में बनने वाली सभी ढांचों एवं निर्माणों के साथ।
**स्थान : इन्दौर**
**दिनांक: 29.03.2026**
**प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**